वित्त मंत्रालय

राजस्व आसूचना निदेशालय ने दिल्ली-राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में मादक पदार्थों का निर्माण-वितरण नेटवर्क ध्वस्त किया

निदेशालय ने 16.27 किलोग्राम एम्फेटामाइन, 7.9 किलोग्राम कोकीन, 1.8 किलोग्राम हेरोइन, 2.13 किलोग्राम गांजा और 115.42 किलोग्राम निर्माण रासायिक पदार्थ जब्त किए, जिनकी अवैध अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत लगभग 108.81 करोड़ रुपये है; 26 विदेशी नागरिक गिरफ्तार

प्रविष्टि तिथि: 24 OCT 2025 4:38PM by PIB Delhi

राजस्व आसूचना निदेशालय (डीआरआई) ने 21 से 23 अक्टूबर 2025 तक समन्वित अभियान चलाकर राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में संचालित किए जा रहे मादक पदार्थ निर्माण और वितरण के एक बड़े तंत्र को ध्वस्त कर दिया है।

डीआरआई ने खुफिया सूचना के आधार पर ग्रेटर नोएडा में बहुमंजली आवासीय इमारतों के पास सुनसान खेत में स्थित मेथैम्फेटामाइन बनाए जाने के एक गुप्त ठिकाने पर छापेमारी की। तलाशी के दौरान वहां 11.40 किलोग्राम एंफेटामाइन और इसे बनाने में प्रयुक्त होने वाले 110.923 किलोग्राम रासायिक पदार्थ जब्त किए गए।

साथ ही, गिरोह के मुख्य सरगना को गुरुग्राम स्थित उसके आवास से गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 1.33 किलोग्राम एम्फेटामाइन बरामद किया गया।

डीआरआई अधिकारियों ने इसी सिलसिले में त्वरित अनुवर्ती कार्रवाई करते हुए पश्चिमी दिल्ली में एक और परिसर की पहचान की, जिसके बारे में संदेह था कि उसका इस्तेमाल प्रतिबंधित पदार्थ रखे जाने और वितरण के लिए किया जा रहा

है। डीआरआई टीम को घनी आबादी और भीड़भाड़ वाले इलाके में स्थित इस परिसर में पहुंचने के लिए संकरी गलियों से गुजरना पड़ा, जिससे परिचालन और सुरक्षा संबंधी काफी चुनौतियां सामने आईं।

अभियान के दौरान, अधिकारियों को बड़ी संख्या में असामाजिक तत्वों का सामना करना पड़ा, जिन्होंने आधिकारिक कार्रवाई में बाधा डालने की कोशिश की। शरारती तत्वों की मौजूदगी और साक्ष्य नष्ट होने के जोखिम के बावजूद, डीआरआई टीम ने दिल्ली पुलिस के साथ मिलकर संयम और रणनीतिक सूझबूझ के साथ परिसर की सफलतापूर्वक घेराबंदी कर वहां तलाशी ली। तलाशी के दौरान वहां 7.79 किलोग्राम कोकीन, 1.87 किलोग्राम हेरोइन, 3.54 किलोग्राम एम्फेटामाइन, 2 किलोग्राम गांजा, 0.15 किलोग्राम मेथाक्वालोन और नशीले पदार्थ बनाने में प्रयुक्त होने वाले 4.50 किलोग्राम रासायिक पदार्थ समेत, 37 लाख रुपये नकद बरामद किए गए, जिनके मादक पदार्थों की तस्करी से हासिल होने का संदेह है। इस सिलसिले में कई गिरफ्तारियां की गईं।

अभियान के दौरान कुल 16.27 किलोग्राम एम्फेटामाइन, 7.9 किलोग्राम कोकीन, 1.8 किलोग्राम हेरोइन, 2.13 किलोग्राम गांजा और 115.42 किलोग्राम नशीले पदार्थ निर्माण में प्रयुक्त होने वाले रसायन जब्त किए गए, जिनके अवैध अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत लगभग **108.81 करोड़ रुपये होने का अनुमान है। अभियान के दौरान कुल 26 विदेशी नागरिकों को** गिरफ्तार किया गया।

यह जटिल अभियान विभिन्न थाना क्षेत्रों में चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों में अंजाम दिया गया। खुफिया जानकारी के आधार पर प्रवर्तन, अंतर-एजेंसी समन्वय तथा मादक पदार्थों की तस्करी और नशीले पदार्थ के निर्माण के खतरे से निपटने की यह डीआरआई की प्रतिबद्धता दर्शाता है।

मामले की जांच जारी है।

***

पीके/केसी/एकेवी/एमपी

(रिलीज़ आईडी: 2182245) आगंतुक पटल : 135

इस विज्ञप्ति को इन भाषाओं में पढ़ें: English , Urdu , Telugu